भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3033

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

जगुली, नादिया और बेलडांगा, मुर्शिदाबाद के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति

3033. श्रीमती महुआ मोइत्रा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जगुली, नादिया और बेलडांगा, मुर्शिदाबाद के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की, विशेषकर कृष्णानगर रोड स्टेशन और कापा मोड़ मोहनपुर में स्थित सड़क उपरिपुल (आरओबी) के नीचे के क्षेत्र में, खराब स्थिति की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग के इस खंड की खराब स्थिति के कारण कोई दुर्घटना हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन खंडों पर मानसून से पहले कोई मरम्मत या रखरखाव कार्य किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस खंड की मरम्मत और रखरखाव के लिए कोई निधि आवंटित की गई है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग के इस खंड की मरम्मत के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) स्थानीय जगहों पर सतह खराब होने, गड्ढे बनने की घटनाएं और जल निकासी के कार्य में कमी देखी गई है तथा संपूर्ण फुटपाथ (इंटीग्रीटी) के पुनरूद्धार और उचित जल निकासी कार्य करने के लिए सुधारात्मक कार्य किए गए हैं। जगुली से मुर्शिदाबाद के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) - 12 की स्थिति निम्नानुसार है:

(1) जगुली और नादिया से गुजरने वाले बारासात से कृष्णानगर तक के 66.7 किमी की लंबाई वाले खंड को इंजीनियरिंग प्रापण एवं संविदा (ईपीसी) मोड पर 4-लेन में विकसित किया गया है। ईपीसी ठेकेदार द्वारा संविदा करार के अनुसार दोष देयता अवधि (डीएलपी) के तहत इस खंड को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जाता है। कृष्णानगर में सड़क अधोगामी पुल (आरयूबी) बारिश के मौसम में डूब जाता है। तथापि, जल निकासी निकालने की व्यवस्था की गई है।

(2) 67 किमी की लंबाई वाले कृष्णानगर से बहरामपुर तक के खंड को निर्माण-संचालन और हस्तांतरण (बीओटी) मोड पर 4-लेन तक विकसित किया गया है और उसे यातायात योग्य स्थिति में रखा जा रहा है। उपरोक्त खंड में बेलडांगा से मुर्शिदाबाद तक का खंड आता है। इसके

अलावा, बेलडांगा सहित मुर्शिदाबाद जिले में 5.5 किमी में 4-लेन तक चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसके पूरा होने की निर्धारित तिथि जुलाई, 2026 है। इसके अलावा, कपा मोड़ कल्याणी एक्सप्रेसवे पर है, जो एक राज्यीय एक्सप्रेसवे है और इसका रखरखाव केंद्र सरकार द्वारा नहीं किया जाता है।

(ख) इस खंड की खराब स्थिति के कारण किसी दुर्घटना का डेटा अलग से उपलब्ध नहीं है। तथापि, लगभग 160 किलोमीटर की लंबाई के बारासात से बहरामपुर तक के खंड में मौजूदा वर्ष के दौरान 209 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं।

(ग) ईपीसी ठेकेदार/रियायतग्राही द्वारा गड्ढे भरने, पैच मरम्मत और नाली की सफाई सहित मानसून पूर्व रखरखाव कार्यों को निष्पादित किया गया था।

(घ) और (ङ.) मरम्मत और रखरखाव कार्य संविदा/रियायतग्राही करार के अनुसार मौजूदा ठेकेदार/रियायतग्राही के कार्य-क्षेत्र में आते हैं और तदनुसार इस खंड को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है।

*****